an>

Title: Regarding recent Terror activity in Udaipur, Rajasthan and growing Network of Terrorist Organization in the State.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र उदयपुर में सांप्रदायिक दंगे फैलाने की योजनाबद्ध तरीके से साजिश रची गई। उदयपुर शहर के हाथीपोल क्षेत्र में मालदास स्ट्रीट में कन्हैयालाल टेलर की दुकान में घुसकर उसकी हत्या कर दी और हत्या का लाइव वीडियो बनाकर एक आपत्तिजनक वीडियो को वायरल कर दिया गया, जिससे हत्या के बाद सांप्रदायिक तनाव के हालात हो गए। जब इतनी बड़ी घटना की जांच एजेंसियों ने शुरू की तो पता चला कि इस हत्या के तार पाकिस्तान स्थित दावत-ए-इस्लामी संगठन से जुड़े हैं। पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहे इस संगठन का असल मकसद भारत में दहशत फैलाना एवं सांप्रदायिक दंगे करवाना है। यह संगठन राजस्थान में सक्रिय है और लगातार अपने पांव पसार रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि राजस्थान राज्य में लगातार फैल रहे दावत-ए-इस्लामी संगठन पर अति शीघ्र प्रतिबंध लगाया जाए और मृतक कन्हैयालाल को न्याय दिलाने के लिए जांच स्पेशल केस में लेकर दोषियों को फांसी की सजा दिलवाई जाए, जिससे मेरे शहर उदयपुर की शांत, सुरक्षित और निडर गलियों में फिर कोई दरिन्दा इस तरह की कोई हरकत नहीं करे। धन्यवाद।

माननीय सभापति : केवल आपका दिया हुआ पाठ रिकॉर्ड में जाता है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री रमेश बिधूड़ी जी।

श्री प्रतापराव जी।